रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के० पी० सिटी –67/2024–26

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में
सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निषपक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही, कानपुर–208014
सम्पर्क सूत्र :– 9450153215 , 9415074806 , 9415486103

वर्ष – 47 ● अंक – 5 एवं 6 ● कानपुर 16 से 31 मार्च 2025 ● प्रधान सम्पादक – डा० एम० एच० इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹ 100

# निर्भीक होकर करें इलेक्ट्रो होम्यापैथी से चिकित्सा

# केन्द्र एवं राज्य सरकार हैं आपके साथ

## बोर्ड/इहमाई को दें अपनी गतिविधियों का पूर्ण ब्योरा

## याद रहे कि बिना पंजीयन के प्रैक्टिस न्यायालय की अवमानना है

इलेक्ट्रो होम्योपैथी को एक बढ़िया आदेश केन्द्र सरकार एवं उ0प्र0 सरकार ने क्रमशः 21 जून, 2011 एवं 04 जनवरी, 2012 को कर रखा है, अब आपका दायित्व बनता है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक पद्धति से न्याय करते हुये आप वह सारे कार्य करें जिसके लिये आपको अर्ह किया गया है, सबसे महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता है कि चिकित्सा व्यवसाय करने के लिए चिकित्सकीय अर्हता के साथ सम्बन्धित चिकित्सा परिषद में पंजीयन के साथ–साथ जिस जनपद में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे हैं या करना चाहते हैं उस जनपद में स्थानीय स्तर पर भी पंजीयन का होना अनिवार्य है, माननीय न्यायालयों के निर्देशानुसार शासनादेश अवश्य जारी किये गये हैं अद्यतन स्थिति के अनुसार एलोपैथिक चिकित्सकों/चिकित्सालयों का पंजीयन ज़िले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में, इसी प्रकार होम्योपैथी चिकित्सकों/ चिकित्सालयों का पंजीयन ज़िला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के कार्यालय में तथा आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सकों/ चिकित्सालयों का पंजीयन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी के कार्यालय में होने का प्रावधान किया गया है इसी प्रकार इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सकों के लिये सभी मेट्रो शहरों में ज़िला प्रभारी / क्षेत्रीय अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है जिन जनपदों में यह सुविधा नहीं है वे सीधे बोर्ड के प्रशासनिक कार्यालय कानपुर अथवा मुख्यालय लखनऊ में अपना आवेदन कर सकते हैं, ज्ञातव्य हो कि इन कार्यालयों में ज़िलों में पंजीकृत सभी चिकित्सकों को प्रतिवर्ष 30 अप्रैल से पूर्व अपने पंजीयन का नवीनीकरण कराने का प्राविधान था।

विदित हो कि उत्तर प्रदेश में एक मात्र संस्था को उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–6 ने कार्यालय ज्ञाप संख्या 2914/पाँच– 6–10–23 रिट/11 दिनांक 04–01–2012 के द्वारा एक शासनादेश जारी किया गया जिसके आदेशानुसार बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0 प्र0 इलेक्ट्रो होम्योपैथी पद्धति की शिक्षा, चिकित्सा, रजिस्ट्रेशन, अनुसंधान एवं विकास हेतु कार्य करता है।

महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 ने अपने पत्र संख्या अभि0 दर्श0/2013/2399 दिनांक 02–09–2013 एवं 14 मार्च, 2016 द्वारा प्रदेश के समस्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को अपने मण्डल के समस्त जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को अपने स्तर से उक्त कार्यालय ज्ञाप को परिचालित कराने हेतु शासकीय आदेशानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित भी किया है।

इसलिए अपना पंजीयन प्राथमिकता के आधार पर करवायें पुष्ट सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ चिकित्सक ऐसे हैं जो वर्षों से चिकित्सा कर रहे हैं लेकिन उनका पंजीयन आज तक अपनी परिषद में नहीं है, ऐसा कृत अपराध की श्रेणी में आता है, भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने के लिए तथा चिकित्सा व्यवसाय बिना बाधा के चलता रहे इसके लिए आप तत्काल अपना पंजीयन अपनी परिषद में अवश्य करा लें और उन पंजीकृत चिकित्सकों को भी आगाह किया जाता है कि जिनकी पंजीयन की मान्य अवधि समाप्त हो चुकी है वह अविलम्ब अपना नवीनीकरण कराकर अनावश्यक परेशानी से बचें, कारण मुख्य चिकित्साधिकारियों को अधिकृत पंजीकृत चिकित्सकों की सूची प्रेषित की गयी है यह कदाचित चेतावनी नहीं है अपितु आपकी नैतिक जिम्मेदारी भी है।

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन,उ0प्र0 अपने चिकित्सकों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहता है, आपकी रक्षा तभी हो सकती है जब आप भी विधि सम्मत ढंग से कार्य कर रहे हों, इसलिये एक बार पुनः आपको बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भविष्य में आने वाली किसी भी परेशानी से बचने के लिए पहले अपना पंजीयन नवीनीकृत करवायें फिर प्रभारी अधिकारी अथवा क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय में पंजीयन हेतु आवेदन करें, ये दोनों कार्य सम्बन्धित चिकित्सक द्वारा ही सम्पादित होने हैं इसलिए इस विषय पर ज़्यादा सोच – विचार की आवश्यकता नहीं है।

प्रदेश के मुख्य चिकित्सा अधिकारी लगातार सहयोग कर रहे हैं लेकिन जब हम स्वयं प्रभारी अधिकारी /क्षेत्रीय अधिकारी के वहां नहीं पहुचेंगें तो अधिकारी हमारे बारे में कोई निर्णय कैसे लेंगे! अन्त में आपको एक बात और स्पष्ट हो जानी चाहिये कि प्रदेश में अभी भी कुछ लोगों द्वारा यह बात ज़ोर–शोर से कही जाती है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों के लिए ज़िला पंजीयन की कोई आवश्यकता नहीं है जबकि अनेक जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में समाचार पत्रों में चेतावनी भी प्रकाशित करायी गयी है कि वैध रजिस्ट्रेशन के बिना प्रैक्टि करने वाले चिकित्सक झोला छाप की श्रेणी में आते हैं।

21 जून 2011 भारत सरकार का आदेश पूरे देश के इलेक्ट्रो होम्योपैथों को विधिक तौर पर स्थापित करता है, इसके अनुपालन में 4 जनवरी, 2012 को जारी शासनादेश उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को शासकीय श्रेणी में लाकर खड़ा कर देता है इसलिए अब विचलन के लिए कोई स्थान नहीं है।

बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ0प्र0 से पंजीकृत सभी चिकित्सकों को स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि वे निर्धारित और स्थापित मापदण्डों का अनुपालन करते हुए तत्काल अपना नवीनीकरण करवायें स्मरण रहे कि मुख्य चिकित्साधिकारी भी बोर्ड द्वारा जारी जिला पंजीयन को मान रहे हैं।

यदि आपके पास वैध पंजीयान अथवा नवीनीकरण नहीं है तो अपना आवेदन प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर यदि निकट भविष्य में कोई परेशानी होती है तो इसकी जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

**विशुद्ध इलेक्ट्रो होम्योपैथी से करें चिकित्सा**
**स्थानीय प्रशासन से कोई भी दिक़्क़त हो**
**तो**
**अपने निकटतम ज़िला प्रभारी कार्यालय/**
**क्षेत्रीय कार्यालय**
**अथवा**
***इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन***
***ऑफ़ इण्डिया***
***या***
***बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन,***
***उ0प्र0 के प्रशासनिक कार्यालय***
***को रिपोर्टकरें***

# आनदोलन संघर्ष के लिये नहीं स्थापित होने के लिये हो



पूरे देश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता दिलाने के लिये अनेकों संगठनों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और सारे के सारे अपने-अपने स्तर से यह प्रयास भी करते हैं कि किसी भी तरह से इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता मिल जाये परन्तु मान्यता है कि मिलने का नाम ही नहीं ले रही है ! जब कोई चीज बहुत देर तक नहीं मिलती है तो निसन्देह प्रयास करने वाले के मन में नकारात्मक ऊर्जा जन्म ले लेती है और यही नकारात्मक ऊर्जा पहले संर्घष फिर वर्ग संर्घष का रुप ले लेती है, इलेक्ट्रो होम्योपैथी में कमो-बेश स्थिति यही है, प्रयासों के सफल नहीं होने के पीछे सामूहिक और सकारात्मक सोच का नहीं होना भी एक मुख्य कारण है, हर प्रयासकर्ता अपने मन में यही इच्छा रखता है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की सफलता के पीछे सिर्फ और सिर्फ उसका ही नाम हो, उसके सिवा अन्य किसी की भी चर्चा न हो।

हमें इस प्रकार के चिन्तन से ऊपर उठकर यह सोचना होगा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी का आन्दोलन एक धर्मयुद्ध है इसलिये इस आन्दोलन को धर्मयुद्ध की ही तरह लड़ना चाहिये, कर्म ही हमारा धर्म है इसी वाक्य पर सारा ध्यान देते हुये इस आन्दोलन को संचालित होना चाहिये, इलेक्ट्रो होम्योपैथी एक चिकित्सा पद्धति है और चिकित्सा पद्धति अपने कार्य और उपयोगिता के आधार पर ही स्थापित होती है।

जब तक चिकित्सा पद्धति अपनी उपयोगिता सिद्ध नहीं करती है तब तक मान्यता नहीं मिलती है, जब-जब इलेक्ट्रो होम्योपैथी ने कसौटी पर अपने को खरा साबित किया है तब-तब उसने सफलता अर्जित की है, ऐसा नहीं है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी में कार्य नहीं हो रहा है, कार्य तो हो रहा है परन्तु हम और हमारे साथी अपने इन कार्यों को आम जन तक नहीं पहुँचा पा रहे हैं इसलिये हमारे साथियों को थोड़ा सा नीतियों में परिवर्तन करते हुये इस आन्दोलन को नई दिशा देनी चाहिये तभी सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा, हर साथी का योगदान सराहनीय होता है।

सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये हर नेता अपने-अपने स्तर से मुद्दे उठाता है परन्तु कुछ मुद्दे ऐसे हैं जो हर समय भुनाये जाते हैं जैसे आरक्षण का मुद्दा, जातीय समीकरणों का मुद्दा, वोटों के ध्रुवीकरण का मुद्दा, विकास के नाम पर छल करने का मुद्दा आदि आदि, ठीक इसी तरह से हमारे इलेक्ट्रो होम्योपैथी के नेतागण मान्यता के नाम पर मान्यता के बिल का मुद्दा बार-बार उठा कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास करते हैं।

कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि मान्यता के बिल का मुद्दा हमारे इलेक्ट्रो होम्योपैथिक नेताओं के लिये ही एक मात्र सहारा है और इसी सहारे से वह चर्चा में रहना चाहते हैं कहावत है कि डूबते को तिनके का सहारा, कभी विचार करके देखें कि क्या तिनका पकड़कर कोई प्रवाह से बाहर निकल सकता है ? तो उत्तर मिलेगा नहीं, परन्तु इसी का दूसरा पहलू यह भी है कि तिनका व्यक्ति को साहस प्रदान कर सकता है और इसी साहस के सहारे डूबता हुआ व्यक्ति बाहर निकल आता है इसलिये व्यक्ति को साहस और पराक्रम का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिये और कठिन से कठिन परिस्थितियों से भी पार पाया जा सकता है, एक ही विषय को लेकर विभिन्न मतों के लोग कभी भी एकता के सूत्र में वास्तविक रुप से नहीं दिख सकते हैं जो एकता दिखायी जाती है वह एकता आभासी होती है, जिस प्रकार बिम्ब और प्रतिबिम्ब परस्पर वास्तविक और आभासी होते हैं, बिम्ब को मूक प्रतिबिम्ब अक्सर छलावा देता है।

यदि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आन्दोलन को वास्तव में गति देनी है तो छद्म और छलावे वाली नीति से ऊपर उठकर किसी ठोस आधार को लेकर वर्तमान परिस्थितियों का वास्तविक आकलन करते हुये आन्दोलन को गति प्रदान करें अन्यथा डूबती हुयी नाव किसी को जीवन नहीं दिया करती है, इस वास्तविकता को समझते हुये अब बिल से बाहर निकलकर यथार्थ के धरातल पर इस आन्दोलन को चलाया जाये तभी कल्याण हो सकेगा क्योंकि जीवन चलने का नाम है यहाँ विराम के लिये कोई स्थान नहीं है, जहां तक उ०प्र० की बात है अद्यतन आदेशों से स्पष्ट हो चुकी है।

Board of Electro Homoeopathic Medicine, U.P.

Celebrating Golden Jubilee 2025



## "Please join us as we celebrate five decades of service to Electro Homoeopathy as well as the Nation. You're invited to our 50th Anniversary celebration!"

**"Please save the date, time and location for a Golden Celebration as we commemorate 50 years of love and happiness."**

**Date : 24th April, 2025**
**Venue : Sahkarita Bhawan, Lucknow**
**Time : 10:00 A.M. Onwards**

## All entries are Free but it is necessary to fill Participant Form

## INVITED BY

**All Members of Management Committee**

# बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0

## 8– लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ–226001

## प्रशा0 कार्या0 127/204 ''एस'' जूही, कानपुर–208014

# जनपद इलेक्ट्रो होम्योपैथिक प्रभारियों की सूची

| क्रम | फोटो | नाम | जनपद | पता | मोबाईल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 |  | EHडा0 गौरव द्विवेदी ID-UP74 | उन्नाव | 469/2 वृन्दावन कालोनी, उन्नाव–209801 | 9935332052 |
| 02 |  | EHडा0 रमेश कुमार द्विवेदी ID-UP61 | रायबरेली | छजलापुर,आई0टी0आई0, रायबरेली–229010 | 9307885280 |
| 03 |  | EHडा0 अमित कुमार विश्वकर्मा ID-UP46 | लखीमपुर | ओदरहना, महेबागंज, लखीमपुर–261506 | 7398153468 |
| 04 |  | EHडा0 सैयद नदीम हुसैन ID-UP37 | जौनपुर | 97–ए ओलन्दगंज, राजबहादुर, कटरा, जौनपुर–222001 | 8299202529 |
| 05 |  | EHडा0 सैयद नदीम हुसैन ID-UP29 | गाजीपुर | 97–ए ओलन्दगंज, राजबहादुर, कटरा, जौनपुर–222001 | 8299202529 |
| 06 |  | EHडा0 सैयद नदीम हुसैन ID-UP18 | चन्दौली | 97–ए ओलन्दगंज, राजबहादुर, कटरा, जौनपुर–222001 | 8299202529 |
| 07 |  | EHडा0 सैयद नदीम हुसैन ID-UP75 | वाराणसी | 97–ए ओलन्दगंज, राजबहादुर, कटरा, जौनपुर–222001 | 8299202529 |
| 08 |  | EHडा0 विनय कुमार श्रीवास्तव ID-UP49 | महाराजगंज | हमीद नगर, नौतनवां, महाराजगंज–273164 | 9453914181 |
| 09 |  | EHडा0 विनय कुमार श्रीवास्तव ID-UP70 | सिद्धार्थ नगर | हमीद नगर, नौतनवां, महाराजगंज–273164 | 9453914181 |
| 10 |  | EHडा0 विनय कुमार श्रीवास्तव ID-UP31 | गोरखपुर | हमीद नगर, नौतनवां, महाराजगंज–273164 | 9453914181 |
| 11 |  | EHडा0 मुहम्मद इसरार खान ID-UP26 | फिरोज़ाबाद | एरांव रोड, सिरसागंज, फिरोजाबाद–283151 | 9634503421 |
| 12 |  | EHडा0 नेम सिंह बघेल ID-UP35 | हाथरस | विवेक क्लीनिक,आगरा बाईपास रोड, सादाबाद, हाथरस–281306 | 8791443887 |
| 13 |  | EHडा0 गणेश सिंह ID-UP32 | हमीरपुर | सुमेरपुर, सागर रोड, हमीरपुर | 9838714509 |
| 14 |  | EHडा0 गया प्रसाद ID-UP36 | जालौन | सुजानपुर, बरखेरा, जालौन–285203 | 8874429538 |
| 15 |  | EHडा0 बृज किशोर शर्मा ID-UP02 | अलीगढ़ | गली न0–2, गोविन्द नगर, नौरंगाबाद, अलीगढ़–202001 | 9639520078 |
| 16 |  | EHडा0 वकील अहमद ID-UP25 | फतेहपुर | खम्बापुर, फतेहपुर–212601 | 8115210751 |
| 17 |  | EHडा0 अयाज़ अहमद ID-UP52 | मऊ | निकट पुराना ग्रामीण बैंक, काज़ी टोला, वलीदपुर, मऊ–276405 | 9305963908 |
| 18 |  | EHडा0 अशोक कुमार पाल ID-UP06 | आज़मगढ़ | मकान न0–193 मोहल्ला– संत कबीर नगर, पोस्ट– मेहनगर आज़मगढ़–276204 | 9919787547 |
| 19 |  | EHडा0 अयाज़ अहमद ID-UP09 | बलिया | निकट पुराना ग्रामीण बैंक, काज़ी टोला, वलीदपुर, मऊ–276405 | 9305963908 |
| 20 |  | EHडा0 रश्मी पत्नी श्री दीप नारायण ID-UP41 | कानपुर देहात | आस्तिक मुनी मंदिर के सामने, कोरियॉं, कानपुर देहात–209206 | 6394083854 |
| 21 |  | EHडा0 मो0 अखलाक ID-UP22 | इटावा | 128 – कटरा पुर्दल खान, इटावा –206001 | 7417775346 |
| 22 |  | EHडा0 सैयद तुफैलुर रहमान ID-UP23 | अयोध्या (फैज़बाद) | सादात , रौनही, अयोध्या (फैज़बाद)–224182 | 9956081159 |
| 23 |  | EHडा0 जीना अर्शद ID-UP50 | मैनपुरी | मोहल्ला फर्रास, पोस्ट घिरोर, मैनपुरी–205121 | 7078111447 |
| 24 |  | EHडा0 श्रीमती मौहरश्री ID-UP01 | आगरा | विवेक क्लीनिक,बमान रोड, पूठा चौराहा, पोस्ट–बाससौना, आगरा–283126 | 7500375933 |
| 25 |  | EHडा0 बाबू खॉं फारुकी ID-UP21 | एटा | अलशिफा हर्बल इलेक्ट्रो होम्योपैथिक क्लीनिक, लोहा मण्डी, अकबरपुर हवेली, जलेसर, एटा | 9219775696 |

पेज 4 पर जारी

ID-UP06

